प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 12.02.21

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-

थाना धौरहरा पुलिस द्वारा हत्या के अभियुक्त संतोष गुप्त को आलाकत्ल बांका सहित गिरफ्तार किया गया

दिनांक 10.02.21 को थाना धौरहरा पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मल्लबेहड़ निवासी संतोष गुप्ता ने अपनी पत्नी ममता गुप्ता उर्फ दीपा (उम्र लगभग 40 वर्ष) की मामूली बात पर नाराज होकर शराब के नशे में बांका मार कर हत्या कर दी हैं।

सूचना पर थाना धौरहरा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर शव को नियमानुसार पोस्टमार्टम परीक्षण हेतु भेजकर मृतक के पुत्र आर्यन गुप्ता की तहरीर के आधार पर मृतक के पति संतोष गुप्ता के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त संतोष गुप्ता के कब्जे से आलाकत्ल एक अदद बांका बरामद कर गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

संतोष गुप्ता पुत्र शिवदयाल निवासी मल्लबेहड़ थाना धौरहरा जनपद खीरी

बरामदगी:-

01 अदद आलाकत्ल बांका

थाना नीमगांव पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ प्रतीक को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जपनद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पुलिस द्वारा अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ प्रतीक पुत्र राजीव गुप्ता नि0 नकहा थाना व जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 30/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा अवैध चाकू सहित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जपनद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों 1. उस्मान पुत्र रहमदार नि0 नई बस्ती सरैय्या कस्बा व थाना मोहम्मदी जनपद खीरी 2. पवन पुत्र बाबूराम नि0 गुलोली रोड़ लकपेहड़ा कस्बा व थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से 02 अदद अवैध चाकू बरामद की गई। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 71/21 व मु0अ0सं0 72/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जपनद में अवैध क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों 1.शहादत अली पुत्र शौकत अली नि0 अजान थाना हैदराबाद 2. ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल 3. रवीन्द्र कुमार पुत्र अशर्फीलाल निवासीगण घरथनिया थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से कुल 3790 रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किये गये। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 36/21 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त रामनिवास को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध अभियान के क्रम में थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रामनिवास पुत्र रामविलास निवासी दीक्षितपुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **40 लीटर अवैध कच्ची शराब, 03 अवैध शराब भट्टी बरामद कर 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार** किया गया है। विवरण निम्नवत है:-

क्र0 सं0	थाना	बरामदगी	गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या
1.	थाना फूलबेहड़	20 लीटर	02 अभियुक्त गिरफ्तार
2.	थाना सिगांही	15 लीटर	01 अभियुक्त गिरफ्तार
3.	थाना ईशानगर	05 लीटर	01 अभियुक्त गिरफ्तार
	कुल योग	40 लीटर	04 अभियुक्त गिरफ्तार